### जनपद पंचायत अमरवाड़ा के अंतर्गत ग्राम बड़ेला में बन रही सीसी रोड में भारी भ्रष्टाचार

# सड़क ऐसी ही बनेगी, सरपंच बोले-शिकायत किए तो एससी, एसटी एक्ट में फंसा दूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला छिंदवाड़ा के जनपद पंचायत अमरवाड़ा अंतर्गत ग्राम बड़ेला, ग्राम पंचायत खामी बड़ेला में बन रही सीसी सड़क भ्रष्टाचार की जीती-जागती तस्वीर बन गई है। सड़क निर्माण में खुलकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के नीचे न तो बेस बनाया गया, न गिट्टी डाली गई और न ही मानक अनुसार रफ मटेरियल डाला गया। केवल डस्ट और घटिया मिश्रण डालकर सड़क तैयार की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जितनी मात्रा में सीमेंट, गिट्टी और अन्य सामग्री मिलना चाहिए, उतना सामान भी सड़क में नहीं मिलाया जा रहा। सड़क की मोटाई भी निर्धारित मानक से बेहद कम बताई जा रही है। ऐसे में लाखों रुपए की लागत से बन रही सड़क शुरू होने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिखाई दे रही है।



ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले भी इसी तरह घटिया सड़क बनाई गई थी, जो कुछ ही दिनों में धूल और मलबे में तब्दील हो गई। अब फिर उसी तरीके से काम होने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जब ग्रामीण मुकेश चंद्रवंशी, रघुनाथ चंद्रवंशी और अन्य लोगों ने सरपंच से शिकायत की तो आरोप है कि सरपंच ने खुलेआम कहा "ऐसी ही सड़क बनेगी, जो करना है कर लो ज्यादा बोले तो एससी-एसटी केस में फंसा दूंगा। सरपंच के इस कथित बयान से गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि पंचायत में जनता का राज चलेगा या भ्रष्टाचार और धमकी का?



मामले में जनपद पंचायत अमरवाड़ा के इंजीनियर नितिन मुकेश ब्रम्हे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इससे अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर, सीईओ जनपद एवं लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, निर्माण कार्य तत्काल रोका जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### किसानों को दी गई विभिन्न योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी

**छिन्दवाड़ा।** कृषि रथ कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिले के विकासखंड चौरई की ग्राम पंचायत खिरखीरी, कपूर्दा, समसवाड़ा एवं घोड़वाड़ी में कृषि रथ का भ्रमण किया गया। रथ यात्रा के दौरान किसानों को ई-टोकन बुक करके दिखाए गए तथा कृषि संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक श्री संत कुमार शर्मा द्वारा किसानों को जैविक खेती के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। वहीं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी। उद्यान विभाग द्वारा उद्यानिकी से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी प्रदान की गई। रथ यात्रा के दौरान किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### भरी दुपहरी में आमजनों के सुख-दुख में शामिल हो रहे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** पांढुर्णा और छिन्दवाड़ा जिले के आमजनों के साथ ही भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मित्रवत भाव रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू इस भरी दुपहरी में भी अपने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बीच आमजनों के लिए समय निकालकर उनके सुख दुख में शामिल हो रहे है। सांसद श्री साहू लगभग प्रतिदिन अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के साथ ही लोगों से मिलने के लिए उनके घर एवं कार्यक्रम स्थलों पर पहुंच रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू बुधवार को छिन्दवाड़ा शहर में वरिष्ठ पत्रकार पवन शर्मा के निवास स्थान पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने शिवपुरी में मनोज सूर्यवंशी के निवास स्थान पहुंचकर उनके पिता के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवपुरी में ही भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष राम चंद्रवंशी के निवास स्थान पहुंचकर उनके सुपुत्र केतन चंद्रवंशी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलेक्टर ने जनपद पंचायत तामिया का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार द्वारा जिले के विकासखण्ड तामिया का भ्रमण कर म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत तामिया के ग्राम आमाढाना में शिवरात्रि स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती सियावती धुर्वे एवं श्रीमती संतवती धुर्वे द्वारा संचालित मुर्गीपालन गतिविधि का अवलोकन किया गया। यह गतिविधि म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं एमपीडब्ल्यूपीसीएल के सहयोग से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री नारायन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार ने हितग्राहियों से चर्चा कर गतिविधि की सराहना की। इसके बाद जनपद पंचायत तामिया में पातालकोट शुद्ध पेयजल प्लांट का शुभारंभ कलेक्टर श्री नारायन द्वारा किया गया। इस प्लांट का संचालन आजीविका मिशन के महक स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। भ्रमण के अगले चरण में ग्राम देलाखारी स्थित नारी एकता संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित चिरौंजी प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समूह की गतिविधियों, उत्पादन एवं पैकिंग कार्यों का अवलोकन किया गया।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण, नागरिकों से सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर के विभिन्न मतदान केन्द्रों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश मेहरा तथा मास्टर ट्रेनर पी.एन. सनेसार ने वार्ड क्रमांक 34 से 38 के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर प्राधिकृत कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कर्मचारियों द्वारा आम नागरिकों से मतदाता सूची संबंधी दावे एवं आपत्तियों के आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 15 मई से 25 मई 2026 तक दावे एवं आपत्तियां निर्धारित केन्द्रों पर प्राप्त की जाएंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मेहरा ने बताया कि जिले के नगरीय निकायों एवं पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों के नागरिक इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा नाम विलोपन संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### भक्ति और प्रेम के बस में है भगवान, छप्पन भोग छोड़ विदुरानी के केले के छिलके भाए भगवान कृष्णा को

**जुन्नारदेव।** नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला वार्ड क्रमांक 11 में चल रही श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ के तीसरे दिन 20 में बुधवार को भागवत कथा वाचक पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री श्री धाम वृंदावन द्वारा भक्त और भगवान की प्रेरक कथा का बखान किया गया। भागवत कथा वाचक द्वारा कथा के दौरान बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण भक्ति और प्रेम के भूखे थे उन्होंने दुर्योधन के 56 भोग को छोड़कर विदुर के घर विदुरानी के हाथ से केले के छिलके भी ग्रहण किए थे भगवान हमेशा भक्ति के बस में बंधे रहते हैं वह भक्तों की सहायता के लिए हर पल उनके पास उपस्थित रहते हैं। भक्ति ही मोक्ष का द्वारा प्रशस्त करती है। इसके पूर्व मंगलवार रात्रि में भागवत कथा के दौरान भगवान शिव एवं माता पार्वती विवाह की कथा का सुंदर बखान भागवत कथा वाचक द्वारा किया गया। कथा आयोजन शिव महिला मंडल वार्ड नंबर 11 जुन्नारदेव विशाला ने समस्त धर्म प्रेमियों से प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 एवं रात्रि 8 से 11:00 बजे कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



### नारे लेखन से जागरूक कर रहे हे ग्रामीणों को जल बचाने

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंर्तगत जल स्त्रोतों की स्वच्छता अपनाने ग्राम माल्हनवाड़ा मे जन जागरूकता लाने नारे लेखन किया गया ।इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्शदाता श्यामल राव ,बी एस डब्ल्यू एवं एम एस डब्ल्यू के छात्रो ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीण जनो को जल का संरक्षण , खुले पाईप मे नलो की टोंटी लगाने , ओर पानी का अपव्यय ना करने की अपील की है । वही ग्रामीणों को भी जल संवर्धन के उपायो को समझाकर बरसात मे अधिक से अधिक पोधो का रोपण करने कहा गया ।इस नारे लेखन कार्य के साथ जन जागरुकता कार्यक्रम को सफल बनाने मे सी एम सी एल डी पी के छात्र निकिता अहके , सरला पवार,एवं ग्रामीण पूर्णा विशकर्मा, यश धुर्वे का सराहनीय सहयोग रहा ।

### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए सांसद बंटी विवेक साहू



**छिंदवाड़ा।** धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू जिलेभर में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में लगातार शामिल हो रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने जुन्नारदेव के ग्राम खेरी सिमरिया में आयोजित श्रीमद् भागवत में शामिल होकर कथा श्रवण किया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने जहां कथा वाचक पंडित आनंद दुबे का अभिनंदन करते हुए उनका आर्शीवाद प्राप्त किया वहीं आमजनों के साथ बैठकर कथा का श्रवण भी किया। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रोहित पोफली, श्रीमती ज्योति डेहरिया, राहुल बंटी उईके, राजू नरोटे, अलकेश लांबा, विश्वेन्द्र बैस मंडल के सम्मानित पदाधिकारी गण एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### भाजपा की विकासवादी नीति से प्रभावित होकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी नीति एवं केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों से प्रभावित होकर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं का भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं ने राष्ट्र सेवा, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विकासवादी सोच एवं सरकारों द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं।

## शार्ट सर्किट हुआ से लगी आग गैस सिलेंडर फटा, मकान जलकर खाक

**उमरेठ / परासिया :-** तहसील उमरेठ के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानकादेई खुर्द में एक सूर्यवंशी परिवार का मकान आग में जलकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । मकान में बिजली के शार्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली जिससे आग भड़क उठी । आसपास के लोग आग बुझाने दौड़े । घर में रखा गैस सिलेंडर भी फट गया । जिससे आग और तेज हो गई ।मकान में संतु सूर्यवंशी , अखिलेश( अन्नु) सूर्यवंशी ,और अशोक सूर्यवंशी का परिवार रहता है । यह घटना गत मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे घटी । इस घटना में एक ओर जहां पीड़ितों को लाखों का नुकसान हुआ वहीं की एक 12 वर्षीय बालिका और एक महिला सदस्य हल्की झुलसी है ।



## कैडेट्स ने साहस, अनुशासन और टीमवर्क का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

24 एमपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-96) में कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन प्रीत सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आठवें दिवस बुधवार को कैडेट्स के लिए बाधा प्रशिक्षण, टेंट पिचिंग तथा इंटर कंपनी ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं का उद्देश्य कैडेट्स में शारीरिक दक्षता, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामूहिक कार्य भावना का विकास करना रहा।

बाधा प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स ने डबल डिच, हाई वॉल, बर्मा ब्रिज, टाइगर लीप, कमांडो नेट और बैलेंस बीम जैसी विभिन्न बाधाओं को उत्साह और अनुशासन के साथ पार किया। प्रशिक्षकों ने कैडेट्स को प्रत्येक बाधा को सुरक्षित एवं निर्धारित तकनीक से पार करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली। इसके साथ ही टेंट पिचिंग प्रशिक्षण में कैडेट्स को सैन्य शैली में टेंट लगाने, रस्सियों को व्यवस्थित रूप से बांधने, खूंटियां गाड़ने तथा शिविर व्यवस्था बनाए रखने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

## निगम ने सड़क पर दुकान न लगाने की दी समझाइश

### नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में नगर निगम अमले द्वारा एमएलबी स्कूल एवं एन. जवाहर शाला के सामने सड़क किनारे लगाए गए अस्थायी फल-फ्रूट दुकानों पर कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान डंगरा एवं तरबूज फल विक्रेताओं द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर दुकानें संचालित की जा रही थीं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। नगर निगम दल ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवाया तथा दुकानदारों को सड़क पर दुकान नहीं लगाने की समझाइ दी। इसके बाद यातायात थाना क्षेत्र अंतर्गत बैल बाजार एवं कर्बला चौक के आसपास के क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान अनाउंसमेंट के माध्यम से आम नागरिकों एवं व्यापारियों को सूचित किया गया कि वे सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें। नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने एवं आमजन की सुविधा के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।






## श्री बड़ी माता मंदिर नवनिर्माण जनसहयोग में नवीन पहल : भाग्यशाली भक्त उपहार योजना शुरू

### भक्तों के जनसहयोग में भक्ति-उपहार का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले की प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर, लगभग 500 वर्षों से अधिक प्राचीन नगरशक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर के भव्य नवनिर्माण कार्य को जनसहयोग के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। 15 करोड़ रुपए की अधिक लागत राशि से निर्मित हो रहे इस मंदिर का लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर निर्माण हेतु पूर्व में प्राप्त 6 करोड़ से अधिक जनसहयोग राशि पूर्णतः व्यय हो चुकी है। 9 करोड़ कि राशि लगना शेष है। जिसमें अब मंदिर निर्माण कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा छिंदवाड़ा की सबसे भव्य "भाग्यशाली भक्त उपहार योजना" प्रारंभ की जा रही है।



मंदिर ट्रस्ट संरक्षक अरविंद राजपूत ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 500 मूल्य के लगभग 50 हजार कूपन जारी किए जाएंगे, जिनके माध्यम से लगभग 2.50 करोड़ की सहयोग राशि एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से लगभग 40 लाख की राशि भाग्यशाली भक्तों को उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी, जबकि शेष लगभग 2 करोड़ की राशि मंदिर नवनिर्माण कार्य में उपयोग की जाएगी। इस योजना को सफल बनाने हेतु विशेष जनसंपर्क अभियान तैयार किया गया है।

इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा शहर सहित गली-मोहल्लों, वार्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक मंदिर की जनसहयोग टीम पहुँचकर भक्तों से सहयोग का आग्रह करेगी। ट्रस्ट ने समस्त माता भक्तों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान कर मंदिर निर्माण में सहभागी बनें तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें।

मंदिर मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने बताया कि इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स एवं इन्फ्लुएंसर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आगामी नवंबर माह में दीपावली / ग्यारहस के मध्य अवसर पर इस कूपन योजना का लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित कर योजना का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम से संबंधित समस्त जानकारी मंदिर के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज shri_badimata_mandirtrust के माध्यम से निरंतर साझा की जाएगी। इस अवसर पर संरक्षकगण एवं ट्रस्ट सदस्यगणों में सतीश दुबे, मुकुल सोनी, संजय सहानी, कोषाध्यक्ष अखिलेश भारद्वाज, अनिल सोनी, अशोक जैन, सुभाष साहू, गुड्डू सोनी मौजूद रहे।

### भूमाफियाओं की मनमानी और प्रशासनिक चुप्पी से हजारों लोगों की जान जोखिम में

## नाले पर कब्जे का खेल: बारिश से पहले शहर पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर में इन दिनों विकास के नाम पर जो कुछ हो रहा है, वह आने वाले बारिश के मौसम में बड़े खतरे की चेतावनी बन चुका है। शहर के कई हिस्सों में प्राकृतिक नालों को संकरा करने, उनकी दिशा बदलने और उन पर अवैध कब्जे करने का खेल लगातार जारी है।

हैरानी की बात यह है कि यह सब खुलेआम होने के बावजूद जिम्मेदार विभाग या तो आंखें मूंदे बैठे हैं या फिर कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। जहां वर्षों पुराने चौड़े नालों को दीवारें खड़ी कर संकरा कर दिया गया। कहीं नाले की चौड़ाई आधी कर दी गई तो कहीं उस पर मिट्टी डालकर प्लॉट तैयार कर दिए गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भूमाफिया करोड़ों रुपये की जमीन बचाने के लिए नालों का अस्तित्व ही खत्म करने पर आमादा हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।



### कभी 35 फीट चौड़ा था नाला, अब रह गया कुछ फीट

स्थानीय नागरिक बताते हैं कि जिस नाले से वर्षों से बारिश का पानी आसानी से गुजरता था, उसकी चौड़ाई पहले करीब 30 से 35 फीट तक थी। अब उसी नाले को कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर बेहद संकरा कर दिया गया है। कई जगहों पर नाले के दोनों किनारों पर निर्माण कर पानी की निकासी का रास्ता रोक दिया गया।लोगों का कहना है कि यदि तेज बारिश हुई तो पानी का बहाव रुक जाएगा और आसपास की कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो सकती है। निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को सबसे ज्यादा खतरा बताया जा रहा है।स्थानीय रहवासियों के अनुसार, "पहले बारिश का पानी कुछ ही घंटों में निकल जाता था, लेकिन अब हल्की बारिश में भी पानी भरने लगा है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले मानसून में स्थिति भयावह हो सकती है।

### नालों पर कब्जा कर तैयार किए जा रहे प्लॉट

शहर में तेजी से बढ़ती जमीन की कीमतों के बीच नालों की जमीन भी अब भूमाफियाओं के निशाने पर है। आरोप है कि कुछ लोगों ने नाले की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लॉट काटने शुरू कर दिए हैं। कई स्थानों पर मिट्टी डालकर नाले को पाट दिया गया और उसके ऊपर बाउंड्रीवाल तक खड़ी कर दी गई। यह पूरा खेल बिना राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं है। नगर निगम, राजस्व विभाग और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की जिम्मेदारी तय होने के बावजूद अब तक किसी बड़े स्तर की कार्रवाई सामने नहीं आई है।स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि किसी आम नागरिक द्वारा छोटा-सा निर्माण भी नियमों के विरुद्ध किया जाए तो तत्काल नोटिस और कार्रवाई शुरू हो जाती है, लेकिन करोड़ों की जमीन से जुड़े मामलों में अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार प्राकृतिक नालों के साथ छेड़छाड़ शहरों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा करने का सबसे बड़ा कारण बनती जा रही है। छिंदवाड़ा में भी यही खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है।यदि नालों का बहाव क्षेत्र कम किया गया तो भारी बारिश के दौरान पानी का दबाव बढ़ेगा और पानी सड़कों व घरों की ओर फैल जाएगा। इससे न केवल संपत्ति का नुकसान होगा बल्कि जनहानि की आशंका भी बनी रहेगी।बीते वर्षों में शहर के कई इलाकों में जलभराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कई कॉलोनियों में घरों के अंदर तक पानी घुस गया था। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला।

### इन स्थानों पर कार्यवाही जरूरी है

सिग्नेचर सिटी, डी मार्ट के पास का नाला, सत्यम शिवम कॉलोनी का नाला, काबरा कॉलोनी स्थित बोदरी क्षेत्र, गुरैया नाके के आगे राज नगर का नालों पर भूमाफिया ने किया है कब्जा।

# भड़के ग्रामीणों के बाद तहसीलदार ने मारा छापा

# इथेनॉल कंपनी ने कन्हान नदी में बहाया जहरीला केमिकल, फसलें तबाह और मछलियां मरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



क्षेत्र में उद्योगों द्वारा पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने का एक और बेहद गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम पलासपानी पंचनामा प्रमाणित ग्राम सिलोरा में स्थित इथेनॉल कंपनी द्वारा पिछले 3-4 दिनों से लगातार जहरीला केमिकल युक्त अपशिष्ट (गंदा पानी) खुलेआम नाले' में छोड़ा जा रहा है। यह नाला ग्राम सिलोरा और पलासपानी से होते हुए सीधे कन्हान नदी में जाकर मिलता है। कंपनी के इस कृत्य से केवल जलीय जीव मर रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलें आम जन-जीवन दांव पर लग गया है।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे ने कंपनी प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए बताया कि इथेनॉल कंपनी से निकल रहे इस बेहद जहरीले और केमिकल युक्त पानी के कारण क्षेत्र के किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं। नदी में भारी मात्रा में मछलियां मरकर तैर रही हैं, जिससे कंपनी की क्रूरता साफ उजागर होती है। कंपनी द्वारा बहाए गए इस एसिडनुमा गंदे पानी के कारण आसपास के पूरे इलाके में भयंकर और दमघोंटू बदबू (गंध) फैल गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए चालाक कंपनी प्रबंधन ने पंचों के समक्ष ही मशीनें लगाकर उस जहरीले पानी के ऊपर मिट्टी डाल दी, ताकि प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके और सबूतों को दफनाया जा सके।किसानों की लगातार मिल रही गंभीर शिकायतों के बाद प्रशासन की ओर से तहसीलदार भावना मलगाम, प्रदूषण बोर्ड कीटीम के साथ सीधे घटना स्थल पर पहुंचकर औचक निरीक्षण और मौका मुआयना किया।प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी मौजूदगी में कंपनी द्वारा फैलाए गए प्रदूषण और साक्ष्यों को छुपाने के लिए डाली गई मिट्टी का 'मौका पंचनामा' तैयार किया है।

## कंपनी पर हो एफआईआर और काम हो बंद :ग्रामीण

इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और जनप्रतिनिधियों में भारी उबाल है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से दो टूक मांग की है कि कंपनी से निकल रहे केमिकल युक्त जहरीले पानी के निकास को तत्काल प्रभाव से रोका जाए साथ ही कंपनी पर कड़ी आपराधिक कार्रवाई दर्ज की जाए।

## इनका कहना है

तहसीलदार भावना मलगाम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर प्रदूषण बोर्ड की टीम के साथ में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण और पंचनामा किया गया है। प्रदूषण फैलाने के मामले में जांच रिपोर्ट के आधार पर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ़ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हजारों घरों के चूल्हे जलाने वाले मसीहा' थे पूर्व मंत्री स्व रेवनाथ चौरे



**सौंसर।** रिधोरा घोघरा में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री,विकास पुरुष स्वर्गीय रेवनाथजी चौरे की 40 वीं पुण्यतिथि परकार्यक्रम का आयोजन करते हुए समाधि पर पुष्पमाला अर्पित कर पूजा कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर पूर्व विधायिका कमलाबाई चौरे, विधायक विजय चौरे,पूर्व विधायक अजय चौरे,भागवत महाजन,अशोक चौधरी, ह.भ.प. चिंधभा महाराज सरोदे,संजय चौरे डॉ. राजेंद्र येमदे पूर्व नपा अध्यक्ष लक्मन चाके सुनील भागे,कांग्रेस परिवार वरिष्ठ गणमान्य बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।आयोजन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा स्वर्गीय रेवनाथ चौरे के संघर्षमय जीवन, निष्कलंक राजनीतिक कार्यशैली, जनसेवा, विकास कार्यों एवं गरीबों के प्रति उनके समर्पण को भावपूर्ण शब्दों में स्मरण किया । वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय चौरे केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि सौंसर विधानसभा क्षेत्र की जनता के विश्वास, स्वाभिमान और विकास की पहचान थे । उन्होंने अपने जीवन में राजनीति को सेवा, संवेदना और समर्पण का माध्यम बनाया तथा सौंसर क्षेत्र को विकास की नई दिशा प्रदान की।स्वर्गीय चौरे जी सौंसर विधानसभा क्षेत्र से कैबिनेट मंत्री पद प्राप्त करने वाले प्रथम जननायक थे। उन्होंने हजारों गरीब, श्रमिक एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन में आशा का दीप प्रज्वलित किया है।

# जामसांवली मंदिर में संभाग प्रभारी सह-प्रभारी ने टेका माथा



**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री एवं छिंदवाड़ा संभाग प्रभारी अतीत पवार तथा संभाग सह-प्रभारी जयकिशोर चौधरी का सौसर क्षेत्र में आगमन हुआ। मुख्यालय पहुँचने पर स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों अतिथियों का भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात पांढुर्णा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आगामी संगठन गठन की रूपरेखा तैयार करना और जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना था।बैठक को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी अतीत पवार ने कहा कीश्पिछड़ा वर्ग समाज हमेशा से भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ रहा है। सह-प्रभारी जयकिशोर चौधरी ने भी संगठनात्मक संरचना को लेकर उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री अतीत पवार, सह-प्रभारी जयकिशोर चौधरी और स्थानीय भाजपा नेताओं ने जामसांवली स्थित 'हनुमान लोक' का रुख किया। यहाँ उन्होंने भगवान बजरंगबली के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख, समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से सभी भाजपा नेताओं का स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत सत्कार किया गया।

# 38वें ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर जुन्नारदेव खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव 38वें ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में नगर के 8 साल से 18 साल तक के छात्र छात्राएं वॉलीबॉल विद्या का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

आज खिलाड़ियों से मिलने छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू खिलाड़ियों से मिलने जुन्नारदेव पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर यह संकल्प दोहराने के लिए कहा कि आप अपने खेल में इतनी प्रगति करें कि आप अपने जिले का नाम राज्य ही नहीं वरन्-राष्ट्र पर भी गौरवान्वित कर सके साथ ही उन्होंने यह आश्वासन भी खिलाड़ियों को दिया कि वह अगले वर्ष पुनः आपसे मिलने और आपकी उपलब्धियां को जानने के लिए इस शहर में आएंगे सांसद महोदय ने खिलाड़ियों से कहा कि आप मेहनत करें संसाधनों के लिए परेशान होने की आवश्यकता नहीं है जिस प्रकार छिंदवाड़ा में सर्व सुविधा युक्त खेल स्टेडियम सभी खेलों के लिए एक स्थान पर बनाया जा रहा है जो यह सोच को दर्शाता है कि छिंदवाड़ा जिले के कोई भी खिलाड़ी अब खेल सुविधाओं से मोहताज नहीं रहेंगे। आवश्यकता सिर्फ उन्हें मेहनत करने की है।

इस अवसर पर नगर पालिका जुन्नारदेव के अध्यक्ष रमेश सालोडे अमरदीप राय दर्शन मिगलानी रोहित पोपली अनिरुद्ध चटर्जी संजय जैन सोनिया कुमरे सपना पाल मनीष बंटी साहू नगर पालिका जुन्नारदेव के सभी सम्मानित पार्षद, जुन्नारदेव नगर मंडल के सम्मानित पदाधिकारी गण एवं नगर के पत्रकार मौजूद रहे ।शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से जनजाति कार्य विभाग छिंदवाड़ा एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग छिंदवाड़ा द्वारा संचालित इस शिविर में 265 छात्र-छात्रा इन वालीबॉल विद्या का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




देश में लगातार बढ़ रही मॉब लिंचिंग, धार्मिक स्थलों पर हमले और अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हो रही कथित हिंसक घटनाओं को लेकर बुधवार को 'भारत मुक्ति मोर्चा' और 'राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा' ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौंसर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा और देश में अमन-चैन बनाए रखने की अपील की।

ज्ञापन में विशेष रूप से हाल ही में हुई एक दर्दनाक घटना का उल्लेख किया गया, जिसके अनुसार मौलाना तौसीफ रज़ा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया गया था, जिससे उनकी मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की है कि इस साजिश और हत्या में शामिल सभी दोषियों को जल्द से जल्द चिह्नित कर फांसी की सजा दी जाए। ज्ञापन में मूलनिवासी मुसलमानों पर हो रही मॉब लिंचिंग, फर्जी गौकशी के नाम पर हत्याएं और धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए अल्पसंख्यकों के हित में एक कड़ा सुरक्षा कानून बनाया जाए। इसके साथ ही असामाजिक तत्वों पर कार्रवाही करने की माग की है।ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से विजय घाटोड, कृष्णा पहाड़े, सैफ अली, मौलाना शहबाज़ रज़ा, आबाद शेख, प्रकाश सहारे, महादेव गोडबोले, अरुण बागड़े, दीपक सोमकूंवर, योगिराज वासनिक शब्बीर शेख शामिल थे।

# लालबर्रा में बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के लिए विशेष शिविर का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** परियोजना लालबर्रा के सेक्टर नेतरा अंतर्गत परियोजना अधिकारी श्रीमती शिवहरे के निर्देशन में ग्राम पंचायत पिपरिया बड़ में विशेष स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पिपरिया बड़ एवं बड़गांव ग्राम के सेम, मेम एवं एसयूडब्ल्यू श्रेणी के कुल 37 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण आरबीएस टीम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच के उपरांत बच्चों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया, जिसमें आयरन सिरप, मल्टी विटामिन, प्रोटीन सिरप, एल्बेंडाजोल एवं अमॉक्सिसिलिन सहित अन्य औषधियां शामिल रहीं। कार्यक्रम में जनपद कार्यालय लालबर्रा के स्टॉफ श्री शिववंशी द्वारा प्राप्त सहयोग राशि से घर पर तैयार किए जाने वाले "सेरेलक" का प्रदर्शन भी किया गया। आदिवासी स्व सहायता समूह पिपरिया बड़ एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से सेरेलक तैयार करने की विधि बताई गई तथा तैयार पैकेटों का वितरण बच्चों को किया गया। यह वितरण ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सुशीला गंगाराम पटले द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरबीएस टीम की डॉ. तृप्ति पाठक, श्री बो पचे, शिवानी मर्शकोले सहित पिपरिया एवं बड़गांव की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# 108 लाख की सड़क-पुल परियोजना पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



## घटिया निर्माण, धमकियों और कथित दबंगई से भड़के ग्रामीण बोले- जनता के पैसों की खुली लूट अब बर्दाश्त नहीं

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत गोरेलाल चौक ओटेकसा से डोंगरगांव मार्ग पर 108 लाख रुपये की लागत से बन रही 800 मीटर लंबी सड़क एवं पुल परियोजना अब गंभीर विवादों के घेरे में आ गई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि करोड़ों की लागत वाले इस निर्माण कार्य में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह निर्माण शुरू होने से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते हैं तो ठेकेदार के कथित गुर्गे उन्हें डराते-धमकाते हुए भगा देते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उनसे साफ शब्दों में कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है कर लो, हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा। जिले के बड़े नेताओं का संरक्षण हमें प्राप्त है। इस कथित धमकी भरे रवैये ने ग्रामीणों के आक्रोश को और भड़का दिया है। ग्रामीणों ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला दमन बताया है।

ओटेकसा निवासी फकीरलाल दमाहे ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुल निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी कर 8 एमएम सरिया का उपयोग किया जा रहा है, जो तकनीकी रूप से बेहद कमजोर माना जाता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार करांहे को शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की परियोजना में इस तरह की लापरवाही जनता के साथ सीधा धोखा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य का ठेका जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार से जुड़ा बताया जा रहा है। इससे लोगों में और अधिक नाराजगी है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ लांजी में ऐतिहासिक बंद



## मरीजों की सुरक्षा और स्थानीय व्यापार बचाने के लिए एकजुट हुए दवा व्यवसायी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मंगलवार को लांजी क्षेत्र में दवा कारोबार पूरी तरह ठप रहा। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी आह्वान पर लांजी क्षेत्र के एक सैकड़ा से अधिक मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध दर्ज कराया। पूरे लांजी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल स्टोरों के शटर बंद रहे, जिससे दवा व्यवसायियों की एकजुटता साफ दिखाई दी। व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री को मरीजों की सुरक्षा और छोटे व्यवसायियों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, उठाई सख्त कार्रवाई की मांगः** केमिस्ट एसोसिएशन लांजी के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवैध ई-फार्मेसी पर तत्काल रोक लगाने और बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवा बिक्री पर नियंत्रण की मांग की गई। ब्लॉक उप प्रमुख जागेश्वर भागड़कर ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर दवाओं की बिक्री बिना पर्याप्त निगरानी के हो रही है, जिससे दवाओं के दुरुपयोग और नकली दवाओं की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मरीजों की जान से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगा।

**छोटे व्यापारियों पर बढ़ता आर्थिक दबावः** इस संबंध में नाशिर खान उप ब्लॉक अध्यक्ष, लांजी प्रमुख जागेश्वर भागडकर, राजेश रणधीवे, ग्रामीण प्रमुख प्रकाश नकपुरे सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि बड़ी ऑनलाइन कंपनियां भारी छूट देकर स्थानीय मेडिकल स्टोरों को नुकसान पहुंचा रही हैं। इससे वर्षों से सेवा दे रहे छोटे दवा विक्रेताओं का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। उन्होंने मांग की कि सरकार केवल लाइसेंसी मेडिकल स्टोरों के माध्यम से ही दवा बिक्री सुनिश्चित करे ताकि गुणवत्ता, जवाबदेही और मरीजों की सुरक्षा बनी रहे।

## निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों और मछुआरों को नहीं होगी कोई परेशानी-विवेक पटेल

# तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर मछुआ समाज ने विधायक पटेल का जताया आभार



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पिछले वर्ष मूसलाधार बारिश के चलते ग्राम लालपुर, बकेरा का तालाब फूट जाने के कारण हजारों क्विंटल मछली सहित किसानों की खेती को भारी नुकसान हुआ था। शिकायत मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके स्थल पहुंच कर निरीक्षण कर किसानों की बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा सहित तालाब का जल्द जीर्णोद्धार करवाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया था।

विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयासों के बाद दोनों ही तालाब का लगभग 35 लाख रुपयों की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। जानकारी मिलने के बाद दर्जनों मछुआरा समाज के लोग व ग्रामीण विधायक विवेक विक्की पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे और विधायक विवेक पटेल का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांवरलाल मेश्राम, तेजलाल उईके, योगेश लाड़े, दामोदर बागड़े, कुंजीलाल उईके, संतलाल मर्सकोले सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

ढीमर समाज के जिलाध्यक्ष ईश्वर दयाल ऊके ने बताया कि 2025 में बारिश के समय ग्राम लालपुर व बकेरा का तालाब फूट गया था। जिससे हजारों क्विंटल मछली खेतों में बह चुकी थी। वहीं किसानों की फसल भी बर्बाद हो गई थी। हमारे द्वारा कई बार तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया था। मगर किसी भी अधिकारी ने हमारी बाते नहीं सुनी। जिसके बाद हमने विधायक विवेक पटेल को इस बारे में अवगत कराया था। विधायक के प्रयासों के बाद अब तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात अब किसानों को परेशानी नहीं होगी और उस तालाब में मछली पालन करके परिवार का भरण पोषण करेंगे।

जिला सचिव बेनीराम मेश्राम ने बताया कि वर्ष 2023 से मछुआरा अंशदान के रूप में हर मछुवारों को साल में एक हजार पांच रुपए जमा करता है। मगर वर्ष 2023 से पैसा नहीं आ रहा है। जब मछुआरों समाज ने धरना प्रदर्शन किया, तब वर्ष 2024 और वर्ष 2025 का पैसा आया। मगर हमें कोई राशि नहीं मिली। विभाग की लापरवाही से वह राशि वापस चली गई। मछुआरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि और लाडली योजना का पैसा बराबर मिल रहा है। मछुआरों का पैसा अभी तक मिल पाया है।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मूसलाधार बारिश में ग्राम बकेरा व लालपुर का तालाब फूट गया था। जिससे सैकड़ों किसानों की फसल बर्बाद हुई थी। किसानों की परेशानी को देखते हुए मैने विधानसभा सत्र में भी इस विषय में बात रखी थी। जिसके बाद तालाब के जीर्णोद्धार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई थी। इस तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। तालाब का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मछुआरों को अब रोजी रोटी के संकट से जूझना नहीं पड़ेगा। वहीं किसानों को खेती करने में पानी की समस्याओं से भी नहीं जूझना पड़ेगा।

# पॉस मशीन में तकनीकी समस्या, खाली ना रह जाए गरीब की थाली...!

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी में पॉस मशीन की तकनीकी समस्या ने गरीबों को अनाज से वंचित कर दिया है। 20 मई तक राशन लेने की अंतिम तिथि घोषित की गई थी, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण उचित मूल्य की दुकानों पर अनाज वितरण प्रभावित हुआ है। कटंगी सहकारी विपणन समिति केंद्र क्रमांक 01, 02, और 03 की दुकानों में करीब आठ हजार से अधिक कार्डधारियों को अनाज वितरण किया जाता है, लेकिन मई माह में 50 प्रतिशत से अधिक कार्डधारियों को ही अनाज वितरण हो पाया है। 15 मई तक अनाज नहीं लेने वाले कार्ड धारकों के लिए 20 मई तक की समय सीमा निर्धारित की गई थी। फूड अधिकारी का कहना है कि सरकारी आदेश के अनुसार 19 मई को मुनादी की गई थी, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण परेशानी हो रही है। इधर, कार्डधारी पुनः अनाज लेने के लिए मौका देने की मांग कर रहे हैं। सर्वर की समस्या ने गरीबों की थाली तक अनाज पहुंचने में बाधा डाल दी। पॉस मशीनें उचित मूल्य की दुकानों पर अनाज वितरण की सबसे अहम कड़ी हैं। इन मशीनों के जरिए कार्ड धारकों की पहचान और सत्यापन कर अनाज दिया जाता है। लेकिन बीते कुछ दिनों से सर्वर डाउन रहने और मशीनों में तकनीकी खराबी आने की वजह से वितरण प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि मशीन बार-बार हैंग हो जाती हैं, नेटवर्क नहीं मिलता और सर्वर से कनेक्शन टूट जाता है।

कटंगी शहरी सीमा में तीनों समितियों की दुकानों में करीब आठ हजार से अधिक राशनकार्ड धारक पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत से अधिक कार्डधारियों को ही अनाज मिल पाया है। शेष हितग्राही बार-बार दुकान तक पहुंचने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में स्थिति और भी गंभीर है क्योंकि वहां नेटवर्क की समस्या पहले से ही बनी रहती है। बता दें 15 मई तक जिन हितग्राहियों ने अनाज नहीं लिया था, उन्हें अंतिम अवसर देने के लिए 20 मई तक की समय-सीमा बढ़ाई गई। अधिकारी का कहना है कि वितरण प्रक्रिया में कोई लापरवाही नहीं है, बल्कि सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण यह परेशानी उत्पन्न हुई है। उचित मूल्य की दुकान संचालकों का कहना है कि वे बार-बार मशीन को रीस्टार्ट करते हैं, लेकिन सर्वर से कनेक्शन टूटने के कारण काम नहीं हो पाता। कई बार कार्डधारियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। मशीनें फिंगरप्रिंट स्कैन नहीं कर पातीं।

गरीब परिवारों का कहना है कि यह उनका हक है और तकनीकी खराबी की वजह से उन्हें वंचित नहीं किया जाना चाहिए। कई हितग्राही रोजाना दुकान तक आते हैं लेकिन मशीन की खराबी के कारण वापस लौटना पड़ता है। महिलाओं और बुजुर्गों को बार-बार आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। इधर, कटंगी में वारासिवनी रोड़ स्थित दुकानदार ने हितग्राहियों के बीच यह भी अफवाह फैला दी कि अनाज समाप्त हो चुका है जबकि गोदाम में अनाज रखा हुआ था। इस दुकान में अनाज की कालाबाजारी की खबरें भी आते ही रहती है।

# सिवनी की पहचान पर संकट: आम के बागानों को निगल रहे दलाल और विभागीय संरक्षण!

**दुल्लापुर बरघाट रेंज में आम के पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। जहां एक ओर वन विभाग पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बचाने के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर दक्षिण वन मंडल सामान्य अंतर्गत दुल्लापुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार किसानों को राजस्व विभाग से मात्र 346 घन मीटर लकड़ी कटाई की अनुमति दी गई थी, लेकिन जब नरसिंहपुर से पहुंची जांच टीम ने मौके का निरीक्षण किया तो वहां लगभग 1000 घन मीटर से अधिक लकड़ी कटाई होने की बात सामने आई। इतना ही नहीं, भारी मात्रा में कटी हुई लकड़ियां मौके पर ही रखी मिलीं। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अनुमति से कई गुना अधिक लकड़ी आखिर कहां से काटी गई? इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ी का संग्रह किसके संरक्षण में हुआ? और जिन वाहनों से लकड़ी का परिवहन किया गया, उनके पीछे किन प्रभावशाली लोगों का हाथ है? स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना विभागीय संरक्षण के इतनी बड़ी अवैध कटाई संभव नहीं है। मामले ने वन विभाग, राजस्व अमले और लकड़ी माफियाओं की संभावित मिलीभगत की आशंकाओं को भी जन्म दे दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिस आम की खुशबू और हरियाली से कभी सिवनी की पहचान बनी, वही आम की प्रजाति आज धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंचती नजर आ रही है। आने वाली पीढ़ियां शायद सिर्फ किताबों और बुजुर्गों की बातों में ही सुन पाएंगी कि कभी सिवनी आम की बहुलता और प्राकृतिक संपदा के लिए जानी जाती थी।

क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई और वन भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण ने पर्यावरण प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। आरोप है कि वन विभाग के कुछ आला अधिकारी और दलालों की मिलीभगत से उन क्षेत्रों को भी खत्म किया जा रहा है, जहां सबसे अधिक आम के पेड़ मौजूद थे। यही वह क्षेत्र थे, जिन्होंने वर्षों तक सिवनी को एक अलग पहचान दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। जब इस संबंध में अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया तो कई अधिकारियों ने फोन उठाना तक उचित नहीं समझा। वहीं कुछ अधिकारियों का कहना रहा कि कागज आएंगे तभी कार्रवाई होगी।

सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब तक फाइलें और आदेश पहुंचेंगे, तब तक क्या बचे हुए पेड़ सुरक्षित रह पाएंगे? यदि पेड़ कट गए तो क्या बाद में आने वाले कागज उन पेड़ों को दोबारा खड़ा कर पाएंगे?

एक ओर सरकार और विभाग पर्यावरण संरक्षण, हरियाली और संतुलन की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, वहीं दूसरी ओर जिन अधिकारियों को जंगल और पेड़ों की रक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, उन्हीं की निष्क्रियता अब सवालों के घेरे में है।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो सिवनी की पहचान और प्राकृतिक विरासत हमेशा के लिए खत्म हो सकती है। यह सिर्फ पेड़ों की कटाई का मामला नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य और पर्यावरण संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय है।

### इनका कहना है

हम जांच का कर रहे हैं अभी रिपोर्ट नहीं आई है जैसे ही आएगी उक्त संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करेंगे।

**संध्या मैडम वन विभाग दक्षिण वन मंडल**

सीसीएफ शिवनी संध्या मैडम के द्वारा जांच दल का गठन किया गया है जांच दल की रिपोर्ट की स्थिति के अनुसार उसे पर कार्यवाही करेंगे।

## खबर संक्षेप

### हितेश लाहौरी ने महर्षि विद्या मंदिर में पाया प्रथम स्थान



**गणेशगंज ।** सी.बी.एस.ई. द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है. विद्यालय में हितेश लाहौरी पिता संजय लाहौरी ने 90.2त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया. .संस्था के संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी प्राचार्य श्री आशीष सक्सेना ने इस परीक्षा परिणाम के लिए छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है.

### कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डालने की मांग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इन दिनों शहर में नलों से कम पानी आ रहा है जिसके कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शहर में कई कुएं हैं जिनकी उचित देखभाल हो तो वे काफी हद तक पानी की समस्या को कम कर सकते हैं। वहीं नगर पालिका द्वारा कुओं की सफाई कराई जा रही है। यदि शहर के अन्य कुओं को साफ कराकर उनमें ब्लीचिंग पाउडर, फिटकिरी डाली जाए तो ये कुएं के पानी निस्तार के योग्य हो सकते हैं। पूर्व में नगर पालिका द्वारा जिन घरों में कुंए हैं वहां जाकर ब्लीचिंग पाउडर कुओं डाली जाती थी। लेकिन अब यह बंद कर दी गई है। जिससे घरों के कुओं का पानी भी उपयोग न होने के कारण दूषित हो रहा है। समय रहते यदि नगर पालिका शहर के सार्वजनिक व घरों के कुओं की देखभाल करे तो गर्मी में पानी की कमी काफी हद तक कम हो सकती है। जागरूक नागरिकों ने मु य नगर पालिका अधिकारी से सार्वजनिक व घरों के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर व फिटकिरी डालने की मांग की है।

### साकार सिटी में चोरी की घटना बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर के अ बेडकर वार्ड के ललमटिया स्थित साकार सिटी फेस-1 एवं फेस-2 में चोरियों का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके कारण यहां के रहवासियों में डर व दहशत का वातावरण है। यहां के रहवासियों ने बताया कि विगत एक सप्ताह में सात-आठ घरों में चोरी की घटना घट चुकी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि चोरी की घटना के बाद यहां पुलिस आई और जांच कर चली गई। लेकिन चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ। चोरों के हौसले अब भी बुलंद हैं और वे मौका देखकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने नवागत एसपी से आग्रह किया कि साकार सिटी क्षेत्र में पुलिस की गश्ती बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को चोरों से राहत मिल सके।

### चाकूबाजी कर गंभीर रूप से घायल करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस ने चाकूबाजी कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

दिनांक 03.10.2025 को प्रार्थी अभिषेक डहेरिया पिता खेमचंद डहेरिया, उम्र 26 वर्ष, निवासी शास्त्री वार्ड, सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 02.10.2025 की रात्रि करीब 11:30 बजे मोहल्ले में दुर्गा उत्सव के दौरान मूर्ति विसर्जन के समय गांधी भवन बजरंग होटल के पास पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी शैलेष यादव, निखिल कुशवाह एवं अन्य लोग आए। आरोपियों ने प्रार्थी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए चाकू से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 832/2025, धारा 115(2), 118(1), 3(5) बीएनएसके तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान धारा 296, 351(2), 118(2) बीएनएस का इजाफा किया गया।

## गुणवत्ता और लापरवाही पर उठ रहे सवाल

# रेलवे अंडर ब्रिज में चल रहा घटिया निर्माण कार्य, जिम्मेदार कर रहे अराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

ब्राडगेज निर्माण के दौरान केवलारी से मलारा की ओर जाने वाली सडक़ जिससे केवलारी क्षेत्र के लगभग 20-25 गांवों और अनेक शासकीय विभागों सहित कन्याशाला की ओर आवागमन होता है जहां रेल लाइन के नीचे से अंडरपास ब्रिज का निर्माण रेलवे द्वारा किया गया था,जिसके बनने के बाद से ही ब्रिज के नीचे से गुजरने वाले हर यात्री और स्कूली बच्चों की मुसीबत बढ़ गयी हैं वजह है वहां से निकले तीन ओर के रास्ते और ब्रिज के नीचे अथाह जलराशि का जमाव।

बिगत कुछ दिनों से उक्त अंडरपास ब्रिज के नीचे के हिस्से में पानी भरने से छतिग्रस्त हो चुकी सडक़ का फिर से रेल्वे के इंजीनियरों की देखरेख में फिर से निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और निम्न स्तर के घटिया निर्माणकार्य के चलते लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।ठेकेदार के द्वारा उक्त सडक़ का एक ओर आधी सडक़ में निर्माणकार्य पूर्ण कर एक तरफ की सडक़ खाली छोड़ दी गयी जिससे वहां जलनिकासी पूर्णतः बंद हो गयी है वहां कीचड़ और पानी हर समय भरा रहने की वजह से आवागमन मुस्किल हो गया वहीं रेल्वे के इंजीनियरों के सामने ही गुणवत्ता को ताक पर रख घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर आधी सडक़ का निर्माण कर बाकी का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया जिससे अब वहां से गुजरने वाली जनता परेशान है।

इतना ही नही वहां से निकाले गए ड्रेनेज सिस्टम को फिर से अनदेखा कर दिया गया और पानी की निकासी का उचित प्रबंध नही किया गया जिससे आने वाले समय मे फिर से जनता को जलभराव की परेशानी का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। रेलवे के जिम्मेदार अफसरों से जनता से मांग की है कि जलनिकासी का उचित प्रबंध कर कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए ताकि आने वाले समय मे फिर से आम जनता को परेशानी से मुक्ति मिल सके।

## कोर्ट के आदेश के बाद भी पीड़ित को नहीं मिली 50 हजार की राशि

# साइबर फ्रॉड मामले में पुलिस और बैंक प्रक्रिया पर उठे सवाल, पीड़ित न्याय के लिए भटकने को मजबूर

**कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत साइबर फ्रॉड के एक मामले में कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद पीड़ित को अब तक उसकी 50 हजार रुपये की राशि वापस नहीं मिल सकी है।**

पीड़ित वेदप्रकाश सूर्यवंशी पिछले लगभग दो वर्षों से पुलिस थाना, अधिकारियों और बैंक प्रक्रिया के बीच लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिली। जानकारी के अनुसार ग्राम नदौरा निवासी वेदप्रकाश सूर्यवंशी का मोबाइल 9 मई 2024 को छिंदवाड़ा चौक क्षेत्र में कहीं गिर गया था। इसके बाद उनके खाते से करीब 75 हजार रुपये की राशि निकल गई। पीड़ित ने 11 मई 2024 को कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जहां उन्हें साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करने की सलाह दी गई। शिकायत दर्ज होने के बाद 50 हजार रुपये की राशि भारतीय स्टेट बैंक के एक खाते में होल्ड कर दी गई थी।

बताया गया कि मामला पहले कोतवाली थाना से लखनवाड़ा थाना और फिर वापस कोतवाली थाना भेजा गया। इस दौरान पीड़ित लगातार कार्रवाई और राशि वापसी की उम्मीद में अधिकारियों के संपर्क में रहा। बाद में कोतवाली थाना के कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कोर्ट से आदेश आने पर राशि वापस होने की बात कही गई।

10 सितंबर 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिवनी द्वारा आदेश जारी कर होल्ड की गई 50 हजार रुपये की राशि पीड़ित के खाते में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए। इसके बाद थाना स्तर से संबंधित बैंक को पत्राचार भी किया गया, लेकिन आरोप है कि आदेश के कई माह बीत जाने के बावजूद राशि अब तक पीड़ित के खाते में नहीं पहुंची। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार कोतवाली थाना पहुंचा, जहां कभी मेल भेजने तो कभी संबंधित कर्मचारी के अवकाश पर होने की बात कही गई। मामले की जानकारी एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को भी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। पीड़ित वेदप्रकाश सूर्यवंशी ने प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का पालन करवाते हुए जल्द से जल्द उनकी होल्ड राशि वापस दिलाई जाए, ताकि उन्हें लंबे समय से चल रही परेशानियों से राहत मिल सके।

# सिवनी में डीपीसी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल का शानदार प्रदर्शन, विज्ञान संकाय में जिला स्तर पर बनाई पहचान

**डीपीसी रोल मॉडल एक्सीलेंस ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी पहचान मजबूत की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा कु. अवनी चतुर्वेदी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कु. प्रज्ञा सोनटक्के ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय की उत्कृष्ट परिणाम परंपरा को कायम रखा।

सत्र 2025-26 में विद्यालय के कुल 20 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

# सिवनी सहित पूरे प्रदेश में मेडिकल स्टोर बंद रहे

**आल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आह्वान पर बुधवार को सिवनी जिले सहित पूरे प्रदेश में मेडिकल स्टोर बंद रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में जिले के 400 से अधिक मेडिकल स्टोर बंद होने से मरीजों और उनके परिजनों को दवाएं लेने में परेशानी हुई।

हालांकि, केमिस्ट एसोसिएशन ने पहले ही लोगों से आवश्यक दवाएं खरीदकर रखने की अपील की थी, जिससे स्थिति कुछ हद तक नियंत्रित रही।

सिवनी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण राठौर और सचिव विजय चंदानी ने बताया कि जिले के सभी आठों विकासखंडों में मेडिकल व्यापारियों ने बंद को पूर्ण समर्थन दिया। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिकांश मेडिकल स्टोर




पूरे दिन बंद रहे। एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा सेवाओं को प्रभावित न होने देने के निर्देश दिए गए थे।

एआईओसीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल के अनुसार, देशभर केलगभग 12.40 लाख केमिस्ट और दवा वितरक इस संगठन से जुड़े हैं। संगठन ने प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, स्वास्थ्य मंत्रालय और ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को कई बार ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। कोई ठोस कार्रवाई न होने पर राष्ट्रव्यापी बंद का निर्णय लिया गया।

र्आदिवासी बाहुल्य घंसौर क्षेत्र में भी मेडिकल संचालकों ने ऑनलाइन दवा बिक्री और ई-फार्मेसी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। व्यापारियों ने तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उनका कहना है कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल व्यवसाय खत्म होने की कगार पर पहुंच गए हैं।

केमिस्टों ने अवैध ई-फार्मेसी पर प्रतिबंध, शोषणकारी मूल्य निर्धारण पर रोक, नोटिफिकेशन जीएसआर 817 (ई) व जीएसआर 220 (ई) की वापसी तथानकली और अवैध दवाओं के कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि बिना वैध प्रिसक्रिप्शन के दवाओं की बिक्री मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

# गाँव में दिन दहाड़े भालू की आमद, ग्रामीण दहशत के साये में

**सिवनी।** जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी मुख्यालय की उप तहसील उगली क्षेत्र चारों तरफ से घनघोर जंगलों से आच्छादित है, निकट जिले बालाघाट और मंडला के निकटवर्ती क्षेत्र जो विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान कान्हा और पेंच नेशनल पार्क के मध्य कारीडोर के अंतर्गत आता है, विगत कुछ दिनों से उगली से महज 10-12 कि. मी. की दूरी पर ग्राम पंचायत विभारी के अरंडिया ग्राम में दिन के के समय हिंषक वन्य प्राणी रीछ (भालू) को ग्रामीणों ने दोपहर के समय भागते हुए देखा गया, दहशत से भरे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है, लेकीन इस रेयर वन्य प्राणी ने किसी को नुकसान तो नहीं पहुंचाया लेकीन ऐसा माना जाता है, कि भालू शेर से भी ज्यादा खतरनाक जानवर की श्रेणी में आता है, डरे हुये ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक डेढ़ महिने से लगातार यह भालू ग्राम विभारी और अरंडियां में देखा जा रहा है, विगत दिवस अरंडिया में दिन के समय भालू को भगाते हुए ग्रामीण नजर आये.



इनका कहना है... सरपंच पति -ओम प्रकाश भारद्वाज -हमारे गांव में भालू के आने से सभी गांव वाले डरे हुए हैं, वन विभाग को सूचना दी गई है, फिलहाल कोई जनहानी और दुर्घटना नहीं घटी है.मुनीम साहू,ग्रामीण अरंडिया- पिछले एक डेढ़ महिने से लगातार भालू देखा जा रहा है, ऐसा लगता है, कुछ किसानों ने मक्का की फसल लगाये हैं, इस भालू ने शायद यहीं अपना निवास बना लिया है. वन परिक्षेत्र अधिकारी -शिवभान नागेश्वर, वन विकास निगम उगली जानकारी के अनुसार एक भालू जंगल से भटककर गांव में आ जाता हैं, ग्राम विभारी के मंदिर परिषर में मधु मक्खी के छाते हैं, और भालू का प्रिय भोजन मधू मक्खी का शहद है, शायद यही कारण हो सकता है, कि भालु का गांव में प्रवेश हो रहा है. अरंडिया ग्राम के आसपास जंगल क्षेत्र से लगा ऐरिया वन विकास निगम के अंतर्गत आता है, दो राष्ट्रीय उद्यान कान्हा और पेंच नेशनल पार्क के मध्य कारीडोर भी है, यहां जंगली जानवर हिंषक शेर, बाघ, तेंदुआ, नीलगाय, कोठरी, चीतल, शांभर, काले हिरण, शेही, पेंगुलीन, भालू जो रेयर एनिमल की श्रेणी में आता है, बंदर, मोर आदि विचरण करते आसानी से देखे जाते हैं, अभी वर्तमान में वन के अंदर प्राकृतिक पानी के जल श्रोत जो सूख चुके हैं, ये जंगली जानवर पानी के लिये भी रिहायशी ईलाकों गांव की ओर रुख करते नजर आते हैं, वन विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील करते रहते है।

# बजाज ऑटोमोबाइल लिमिटेड एवं कमिंस इंडिया का हुआ कैंपस ड्राइव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शा.आईटीआई कालेज छपारा में आईटीआई उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत युवाओं के लिए प्रतिष्ठित संस्थान सीआईआई राहुल बजाज सेण्टर ऑफ़ एक्सीलेंस ओंन स्किल्स छिंदवाड़ा के तत्वावधान में कमिंस इंडिया एवं बजाज ऑटोमोबाइल लिमिटेड हेतु कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया बुधवार सुबह 11 बजे से प्रारंभ इस कैंपस ड्राइव में सिवनी ,छिंदवाड़ा एवं नरसिंहपुर से 105 आवेदक उपस्थित हुए। कमिंस इंडिया के प्लेसमेंट हेतु उपस्थित सीआईआइ स्किल सेण्टर के लिवलीहुड अधिकारी दिलीप डेहरिया ने प्रीप्लेसमेंट टॉक में कंपनी एवं कंपनी की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया प्रभारी प्राचार्य भूपेन्द्र उइके ने बताया की कॉलेज में न सिर्फ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है बल्कि ऐसे आयोजनों के द्वारा बेहतर रोजगार के अवसर भी छात्रों को उपलब्ध करवाए जाते है आवेदकों में से व्यवसाय विद्युतकार एवं डीजल मेकेनिक के पास आउट 35 प्रशिक्षणार्थियों का कमिंस इंडिया कंपनी हेतु लिखित टेस्ट लिया गया ,जिसमे से 27 प्रशिक्षणार्थियों का चयन प्राथमिक स्तर पर किया गया संस्था में वत्रमान सत्र के अध्यनरत प्रशिक्षणार्थियों हेतु बजाज ऑटोमोबाइल कम्पनी के लिए आये एचआर अधिकारी राकेश पहाड़े ने कंपनी में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के विषय में प्रकाश डाला और अभ्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया बजाज कंपनी हेतु प्राथमिक स्तर पर संस्था के 55 प्रशिक्षणार्थियों का चयन




किया गया। संस्था के टीपीओ हर्ष सोनी ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयनित सभी 82 चयनित उम्मीदवारों को14 हजार प्रतिमाह से18 हजार प्रतिमाह के वेतन पर नियुक्ति दी जाएगी। कार्यक्रम हेतु मंच संचालन प्रशि. अधिकारी यशविन ठाकुर द्वारा किया गया वरिष्ठ प्रशि. अधिकारी अमित शर्मा ने बताया की यह कैंपस ड्राइव छात्रों के भविष्य के निर्माण के लिए एक सुनहरा कदम है। कार्यक्रम में छात्रों की जानकारी एकत्रित करने का कार्य क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया जिसका निर्वहन संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा पूर्ण तत्परता एवं लगन से किया गया, जिसके लिए कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संस्था के राजकुमार सोयाम, सतीश सूर्यवंशी, संजय उइके, नीरज उइके, राकेश तिवारी ,अंकुर छिपने, साक्षी डहेरिया, सृष्टि तिवारी,प्रतिभा सोनी, पी डी नापित का विशेष सहयोग रहा।

## सिवनी नगर परिषद में अव्यवस्थाओं का अंबार, जनता त्रस्त

# गंदा पेयजल, टूटी सडक़ें, बजबजाती नालियां, बंद स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था चौपट

**सिवनी। शहर की जनता आज मूलभूत सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। नगर परिषद की लापरवाही और अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण सिवनी शहर में समस्याओं का अंबार खड़ा हो गया है।**

कांग्रेस नेता फिरोज खान ने नगर परिषद और भाजपा नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपाई परिषद सत्ता के नशे में चूर होकर जनता की परेशानियों से पूरी तरह बेखबर हो चुकी है।

फिरोज खान ने जारी बयान में कहा कि शहर के अनेक वार्डों में कीचडय़ुक्त और बदबूदार पेयजल की आपूर्ति हो रही है। लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, लेकिन परिषद के जिम्मेदार पदाधिकारी और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात इतने खराब हैं कि भाजपा के अपने पार्षद भी परिषद की कार्यशैली पर सवाल उठाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि केवल पेयजल ही नहीं, बल्कि पूरे शहर की व्यवस्था चरमराई हुई है। कई वार्डों की सडक़ें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं, जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं और बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बरसात पूर्व नालों की सफाई नहीं होने से जलभराव की स्थिति बनने लगी है, लेकिन परिषद के जिम्मेदार लोग केवल कागजी दावे करने में व्यस्त हैं।

फिरोज खान ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का खेल खुलकर चल रहा है। विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं, लेकिन जमीन पर कोई काम नजर नहीं आता। स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, सार्वजनिक स्थानों की सफाई ठप है और नागरिक सुविधाएं पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही हैं।

उन्होंने कहा कि शहर की जनता टैक्स समय पर देती है, लेकिन बदले में उन्हें गंदगी, बदबू, टूटी सडक़ें और दूषित पानी मिल रहा है। यह नगर परिषद की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। भाजपा परिषद जनता की सेवा करने के बजाय केवल राजनीतिक प्रचार और दिखावे में लगी हुई है।

कांग्रेस नेता ने मांग की कि शहर की पेयजल व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सडक़ निर्माण कार्य और नाली सफाई की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही लापरवाह अधिकारियों और जिम्मेदार परिषद पदाधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी और नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जनता अब जवाब चाहती है और भाजपा परिषद को अपनी विफलताओं का हिसाब देना ही होगा।

# कल्चुरी फाउंडेशन की पहल कल्चुरी(कलार) समाज के मेधावी बच्चे होंगे सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हैहय कल्चुरी (कलार) समाज के ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं जिन्होंने सिवनी जिले के स्कूलों से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें एवं उनके माता-पिता को कल्चुरी प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह कल्चुरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कल्चुरी फाउंडेशन के श्री अरुण राय ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष सिंगरौली की कु. प्रज्ञा जायसवाल ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 500 में से 500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया था, जिससे पूरे कलार समाज का गौरव बढ़ा। उसी प्रेरणा से विगत वर्ष सिवनी जिले में कल्चुरी प्रज्ञा सम्मान की शुरुआत की गई थी, जिसमें समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सिवनी जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। कल्चुरी फाउंडेशन ने समाज के सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध किया है कि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की अंकसूची की छायाप्रति, जिसमें पता एवं मोबाइल नंबर अंकित हो, 25 मई 2026 तक नीचे दिए गए सदस्यों के व्हाट्सएप नंबर पर भेजना सुनिश्चित करें। संपर्क सूत्र आदेश मालवीय - 9407815912 संतोष सूर्यवंशी - 9381742955 अमित राय - 7999702547 संतोष राय - 8959369091 महेश सूर्यवंशी - 9406721273।

### पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन की उपेक्षा का आरोप

## 50 बिस्तरीय अस्पताल का फिर से भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के लालबर्रा में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण को लेकर अजीब स्थिति बन गई है। 9.95 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस अस्पताल का महज 4 दिनों के भीतर दो बार भूमिपूजन किया गया।**

पहला भूमिपूजन 15 मई को सांसद भारती पारधी और कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने किया था, लेकिन बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के साथ रैली निकालकर दोबारा उसी काम का शिलान्यास कर दिया।

जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने आरोप लगाया कि इस अस्पताल की मंजूरी पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने दिलाई थी, लेकिन पहले भूमिपूजन के पोस्टर से उनका नाम ही गायब था।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों और संगठन के लोगों को पहले कार्यक्रम की जानकारी तक नहीं दी गई थी। इसी बात से नाराज होकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बुधवार शाम को दूसरी बार भूमिपूजन करने का फैसला लिया।

हैरानी की बात यह रही कि बुधवार को हुए दूसरे भूमिपूजन के पोस्टर से खुद भाजपा सांसद भारती पारधी की तस्वीर गायब थी। इससे इलाके में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या लालबर्रा में भाजपा संगठन अपनी ही सांसद का विरोध कर रहा है।

अपनी पार्टी की सांसद द्वारा किए गए पहले भूमिपूजन को दरकिनार कर कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और दोबारा पत्थर रखकर काम की शुरुआत की।

बुधवार शाम 5 बजे भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जमा हुए और गाजे-बाजे के साथ रैली निकालते हुए तय जगह पर पहुंचे। यहां उन्होंने फिर से अस्पताल निर्माण का शिलान्यास किया।

इस पूरे घटनाक्रम ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है कि एक ही सरकारी काम का दो बार पूजन क्यों किया गया।

## सागौन अवैध कटाई मामले में डिप्टी रेंजर का कार्य संदिग्ध, खुद बन गए जांच अधिकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण वनमंडल सामान्य बालाघाट अंतर्गत वन परिक्षेत्र कटंगी की सर्किल कन्हड़गांव की अंबेझरी बीट में कक्ष क्रमांक 570 में लगभग 6 सागौन के पेड़ अवैध रूप से कटाई कर बेचने का मामला प्रकाश में आया हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार सर्किल प्रभारी ओमप्रकाश जगने इस अवैध गोरख धंधे में संलिप्तता नजर आ रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार अपने कुकृत्य कार्य पर पर्दा डालने की मंशा से वन रक्षक संतोष चौबे तथा चौकीदारों को मोहरा बनाया जा रहा हैं। सर्किल प्रभारी जगने पर पूर्व में भी गंभीर आरोप लगे हैं। ज्ञात हो कि कटंगी वन परिक्षेत्र में आने से पूर्व उपरोक्त सर्किल प्रभारी लांजी में एक बेरियर में पदस्थ थे ,उन पर अवैध रूप से पैसे मांगने के आरोप सुर्खियों में आए थे तथा चर्चित रहे थे।





### तिरोड़ी सर्किल में सागौन कटाई के आरोप लगे थे

सर्किल प्रभारी ओमप्रकाश जगने अपने कार्यों को लेकर हमेशा वनविभाग में सुर्खियों में रहे हैं, कन्हड़गांव से पूर्व ओमप्रकाश जगने तिरोड़ी सर्किल में पदस्थ थे, वन समिति अध्यक्ष के द्वारा वन विभाग को शिकायत कर बताया गया था कि सर्किल प्रभारी ही वनों की रक्षा करने के बजाय खुद ही भक्षक बनकर पेड़ों की अवैध कटाई कर धन कमाने की मंशा से अवैध कटाई कर सागौन की बिक्री कर रहा हैं। किन्तु वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपरोक्त कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल पर कार्यवाही न करते हुए तत्कालीन सर्किल से हटाते हुए कन्हड़गांव में पदस्थापना कर दी गई। वहीं लांजी क्षेत्र में भी सर्किल प्रभारी के कारनामें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनते रहे हैं। बेरियर में वाहन चालकों से अवैध वसूली के आरोप सर्किल प्रभारी पर लगते रहे हैं।

### वरिष्ठ अधिकारी करे उपरोक्त मामले की जांच

पुरानी कहावत हैं 'उल्टा चोर कोतवाल को डाटे' की कहावत उपरोक्त मामले में चरितार्थ हो रही हैं। भ्रष्ट सर्किल प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों के सरंक्षण में स्वयं ही जांच अधिकारी बन वन रक्षक और चौकीदारों पर दबाव बनाते हुए आरोपी बना दिए गए हैं। उपवनमंडल अधिकारी कटंगी जितेन्द्र कुमार (आईएफएस) प्रशिक्षु अधिकारी से उपरोक्त मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा की जा रही हैं।

### पेड़ से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के लामता थाना क्षेत्र अंतर्गत भालेवाड़ा पंचायत के डोंगरबोड़ी निवासी 52 वर्षीय अधरसिंह परते की बुधवार को मौत हो गई। उनका शव दक्षिण सामान्य वनक्षेत्र के चाचेरी वनक्षेत्र के चिचोली बीट कटंगनाला के नहर पुल के पास से बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लामता पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव को वनक्षेत्र से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लामता अस्पताल भिजवाया। अधरसिंह के साथ गए शिवप्रसाद उईके ने बताया कि अधरसिंह मधुमक्खी का छत्ता तोड़ने पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान वे पेड़ से गिर गए, जिससे उनके मुंह पर चोट आई। उन्हें जंगल से बाहर लाने का प्रयास किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।पुलिस को घटना की सूचना वन विभाग चाचेरी में पदस्थ सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी गजेंद्र बिसेन से मिली थी। सूचना मिलते ही लामता थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह बैस, बखतसिंह परते, आरक्षक सतेंद्र बघेल और केशव सनोडिया घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को सूचित किया।

### दुकानदारों पर अधिक मूल्य पर शराब बेचने का आरोप, 3.26 लाख का जुर्माना

## आबकारी विभाग ने शराब दुकानों पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले में शराब को एमआरपी से महंगे दाम पर बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई हुई है। आबकारी विभाग ने दो अलग-अलग शराब दुकानों पर 3 लाख 26 हजार 743 रुपए का जुर्माना लगाया है। जिला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का ने बताया कि विभाग की टीम ने कटंगी और गर्रा की दुकानों का पहले निरीक्षण किया था। जांच के दौरान अधिकारियों ने खुद ग्राहक बनकर शराब खरीदी, जिसे 'टेस्ट परचेस' कहा जाता है।**




कटंगी-ए की दुकान पर 211 रुपए वाली व्हिस्की 230 रुपए में बेची जा रही थी, वहीं गर्रा की दुकान पर 201 रुपए वाली बोतल के 220 रुपए वसूले जा रहे थे। दोनों ही जगहों पर प्रति बोतल 19 रुपए की अवैध वसूली पाई गई। कटंगी स्थित दुकान के लाइसेंस धारक नॉरविच ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड पर 2 लाख 28 हजार 950 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा नियमों के उल्लंघन के लिए 10 हजार रुपए अलग से भरने होंगे।

इसी तरह, गर्रा की दुकान चलाने वाले स्मोकिन लिकर्स प्राइवेट लिमिटेड पर भी 77 हजार 793 रुपए का जुर्माना और 10 हजार रुपए की अतिरिक्त पेनाल्टी लगाई गई है। आबकारी विभाग ने 27 अप्रैल और 4 मई को इन दुकानों का निरीक्षण किया था। इसके बाद संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। बुधवार को विभाग ने जुर्माने की अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी। आबकारी अधिकारी ने साफ चेतावनी दी है कि अगर आगे भी एमआरपी से ज्यादा पैसे वसूले गए, तो इससे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 20 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजीव सागर परियोजना एवं अन्य विभिन्न प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दक्षिण सामान्य वन मंडल के वनमंडलाधिकारी श्री नित्यानंदम एल., उत्तर सामान्य वन मंडल के अधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे सहित समिति के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि राजीव सागर परियोजना के लिए अधिग्रहित वन भूमि के बदले तहसील तिरोड़ी के ग्राम हरदोली की कुल 23.560 हेक्टयर राजस्व भूमि कों वेकल्पिक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराई गयी है। वहीं पोला जलाशय में प्रभावित वन भूमि के एवज में निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा कि गयी। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि वन क्षेत्र अंतर्गत अवैध उत्तखनन व परिवहन की रोकथाम के लिए मुख्यालय से प्राप्त निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जाएं। अवैध उत्तखनन कों रोकने के लिए मानसून पेट्रोलिंग भी वन अमलों द्वारा कराये जाने के निर्देश दिए गए।

### नशीली दवाओं की सप्लाई बंद की मांग

## मेडिकल बंद होने से परिजन परेशान, संचालकों ने ऑनलाईन दवा बिक्री का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में शुक्रवार को ऑनलाइन दवा बिक्री (ई-फार्मेसी) के विरोध में दवा व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। बालाघाट मेडिकल एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 24 घंटे के इस बंद के दौरान जिले की सभी 1300 दवा दुकानें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे व्यापारिक गतिविधियां ठप रहीं।

केमिस्टों का आरोप है कि केंद्र सरकार ई-फार्मेसी को बढ़ावा देकर जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रियंक वर्मा ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना किसी सही जांच-पड़ताल के दवाएं बेच रहे हैं।

एक ही पर्ची पर बार-बार दवाइयां देना और फर्जी पर्चों के आधार पर नशीली दवाओं की सप्लाई करना समाज के लिए गंभीर खतरा है। केमिस्टों ने धरना देकर प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा और ई-फार्मेसी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की।




दवा विक्रेताओं का कहना है कि कोरोना काल में ऑनलाइन दवा बिक्री की छूट दी गई थी, जिसे अब बंद कर देना चाहिए। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (AIOCD) लंबे समय से इसके खिलाफ आवाज उठा रहा है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। इससे न केवल केमिस्टों के व्यापार पर असर पड़ रहा है, बल्कि सरकारी नियमों का भी उल्लंघन हो रहा है।

हड़ताल के दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अनुसार, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, संजीवनी क्लीनिक और जन औषधि केंद्रों पर दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा गया था।

आपातकालीन स्थिति के लिए कुछ दवा दुकानदारों के नंबर भी जारी किए गए थे। विभाग का दावा है कि बंद के दौरान दवाओं की आपूर्ति को लेकर जिले में कोई बड़ी परेशानी सामने नहीं आई।

## गर्रा निवासी बाबूलाल पटले ने काका भाई पर घर-जमीन हड़पने का लगाया आरोप, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



गर्रा निवासी 78वर्षीय वृद्ध बाबूलाल पटले ने इंदोरी जिला सिवनी के काका भाई प्रभुदयाल तथा पारत पटले तथा खेलनबाई पर जमीन और पुस्तैनी घर हड़पने का आरोप लगाया हैं। बाबूलाल पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा मेरी कब्जे वाली जमीन जिसमें खसरा नं. 378/2, रकबा 25 डिसमील पट्टा पावती सहित राजस्व विभाग में दर्ज हैं। प्रभुदयाल इंदोरी निवासी के द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया गया हैं। वहीं खेलन बाई के द्वारा 35 डिसमील जमीन पर जबरदस्ती कब्जा किया गया हैं। खेलनबाई के पति के द्वारा मेरी जमीन का मेड़ मिटा दिया गया हैं। और अपना कब्जा कर लिया हैं। पीड़ित बाबूलाल पटले ने बताया हैं कि उपरोक्त तीनो व्यक्तियों के द्वारा लगभग मेरी 95डिसमील भूमि पर कब्जा कर खेती का कार्य कर रहें हैं। शासन प्रशासन से पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मांग की जाती हैं कि मेरी उपरोक्त कब्जे वाली जमीन वापिस दिलाई जायें।

## जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए एक युवक को बाघ ने बनाया अपना निवाला

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले की बड़ी और हृदय विदारक घटना सामने आ रही है जहां बरघाट तहसील अंतर्गत ग्राम बेहरई चमरवाही गांव के इंद्रकुमार वल्द हीरा सिंह पर ते जाति गोंड को बाघ ने अपना निवाला बनाया। विभागीय जानकारी के अनुसार वन विकास निगम परियोजना बालाघाट अंतर्गत लालबर्रा रेंज चमरवाही बीट कक्ष क्रमांक 418 मे तेंदूपत्ता तोड़ने गए चमरवाही निवासी इंद्र कुमार परते को बाघ ने अपना शिकार बनाया और 1 किलोमीटर नीचे घसीटते हुए उसके शरीर का निचला भाग को अपना निवाला बनाया। उक्त घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश दिखाई दिया और उन्होंने रास्ता जाम कर दिया सूचना मिलते ही वन विकास निगम के अधिकारी और लालबर्रा पुलिस मौक़े पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. मृतक के परिवार को वन विभाग द्वारा राहत राशि भी दी गई ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है। ग्रामीणों का आक्रोश इस बात को लेकर था कि के परिवार के आशु को सरकारी नौकरी वह 25 लाख रुपए शासकीय सहायता राशि मुआयजे में मिले मुझे पीड़ित परिवार को राहत मिल सके प्रशासन की समझाइए के बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए और मृतक का पोस्टमार्टम लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया।





## कटंगी-तिरोड़ी में दवा दुकानों की रही सांकेतिक हड़ताल, मरीजों को भारी परेशानी

### दवा विक्रेता संघ ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी और तिरोड़ी तहसील में बुधवार 20 मई को दवा दुकानों के बंद रहने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर के केमिस्ट और दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। यहां कटंगी और तिरोड़ी दोनों ही तहसील क्षेत्र में छोटी से लेकर बड़ी सभी मेडिकल दुकानों में पूरा दिन ताले लटके रहे और मरीज दवा लेने के लिए भटकते हुए नजर आए। दवा विक्रेता संघ ने शाम 04 बजे तिरोड़ी में तहसीलदार गीता राहंगडाले और कटंगी में नायब तहसीलदार पी.एल. सांडिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।



इसमें ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण और अत्यधिक छूट जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की गई। दवा विक्रेताओं का कहना है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट, 1940 और नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद विभिन्न ऑनलाइन कंपनियां वर्षों से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। वर्ष 2018 में जारी अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) अब अप्रासंगिक हो चुकी है। कोविड महामारी के दौरान जारी जीएसआर 220 (ई) केवल आपातकालीन परिस्थिति के लिए था, लेकिन अब इसका दुरुपयोग हो रहा है।

### यह है प्रमुख मांगें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के विरुद्ध कठोर कार्यवाही। बिना वैध ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध। जीएसआर 817 (ई) और जीएसआर 220 (ई) को तत्काल वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म द्वारा दी जा रही अत्यधिक छूट और अनुचित मूल्य निर्धारण नीति पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस दौरान दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी मिरगपुर, एस. सोनवाने, पवन राणा, शशी अग्रवाल, प्रदीप बिसेन सहित अन्य मेडिकल संचालक मौजूद रहे। मेडिकल दुकानों के बंद रहने से क्षेत्र में मरीजों को आवश्यक दवाएं नहीं मिल सकीं। कई लोग सुबह से ही दुकानों के खुलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को भी खाली हाथ लौटना पड़ा। मरीजों ने कहा कि अचानक दुकानों के बंद होने से उन्हें काफी कठिनाई हुई।

### आधार सेवाओं को लेकर जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

#### जून-जुलाई में स्कूलों में लगेंगे विशेष शिविर, बच्चों का होगा अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ की अध्यक्षता में 20 मई को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति" की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिकों को आधार सेवाओं का सुलभ एवं त्वरित लाभ उपलब्ध कराने, आधार सेवाओं की गुणवत्ता, विभिन्न विभागों के समन्वय एवं सेवा विस्तार से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बच्चों के लिए विशेष अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (MBU) अभियान की रूपरेखा तैयार करने हेतु शिक्षा विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। निर्णय लिया गया कि जून एवं जुलाई 2026 के दौरान जिले के सभी विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर 5 एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट कराया जाएगा।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com